आपके पड़ोसी के कोविड-19 से संक्रमित होने पर आपको क्या करना चाहिए ?

- एक दूसरे के घरो में न जाएं; प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक दूरी बरकरार रखने के लिए प्रोत्साहित करें।
- फोन पर बाते कर अथवा मैसेजर एप्लीकेशन के माध्यम से एक दूसरे के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेते रहें।

० किसी भी व्यक्ति में इसके लक्षण दिखाई देने पर -

- धैर्य बनाए रखें; घबराएं नहीं;
- परिवार के सदस्यों के साथ धैर्य के साथ बातचीत करें; व्यक्तिगत सम्पर्क में आए बगैर उनकी मदद करें तथा आवश्यक सहायता प्रदान करें एवं सामाजिक दूरी कायम रखें;
- परिवार की निंदा न करे - ऐसा किसी भी व्यक्ति के साथ हो सकता है तथा इससे 98 प्रतिशत लोग स्वस्थ हो जाते हैं।
- व्यक्ति/परिवार के सदस्यों को स्थानीय कोविड-19 हेल्पलाइन अथवा राष्ट्रीय हेल्पलाइन-11-23978046 पर फोन करने के लिए प्रोत्साहित करें;
- पड़ोसी द्वारा फोन करने में असमर्थता जताने अथवा मना करने की स्थिति में आप स्वयं हेल्पलाइन पर फोन करें;
- स्थानीय हाउसिंग सोसाइटी अथवा रेसीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, यदि कोई हो, को सूचित करें;
- मरीज को परिवार के अन्य सदस्यों से एकांत में रहने की सलाह दें;
- मरीज अथवा परिवार के सदस्यों को स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के होम कोरांटिन के विशानिर्देशों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करें;
- पड़ोस के घरों में रहने वाले परिवारों को भी होम कोरांटिन में रहने तथा कोविड-19 के किसी भी लक्षण की जांच करने के बारे में बताएं तथा उन्हें प्रोत्साहित करें।